हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 22 मई 2026, समय 13:05 (5 मिनट)

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि अंतरराष्ट्रीय सीमाओं की सुरक्षा को चुनौतियों से निपटने के लिए व्यापक क्षेत्रीय ज़िम्मेदारी के तौर पर देखा जाना चाहिए। आज नई दिल्ली में सीमा सुरक्षा बल-बीएसएफ के अलंकरण समारोह को संबोधित करते हुए श्री शाह ने कहा कि कई तरह की कमज़ोरियों और चुनौतियों के बावजूद, बल ने लगातार देश के गौरव को बनाए रखा है।

स्थापना से अब तक पैंसठ से दो हजार छब्बीस तक सीमा सुरक्षा बल के जिन जवानों ने अपनी अप्रितम देशभक्ति और कर्तव्यपरायणता का प्रदर्शन करते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है, वो सभी दो हजार से ज्यादा जवानों को मनपूर्वक श्रद्धांजलि और आदरपूर्वक नमन करना चाहता हूं।

श्री शाह ने सुरक्षा से जुड़े उभरते खतरों का उल्लेख किया। इनमें अवैध घुसपैठ, नशीले पदार्थों की तस्करी, जाली नोटों का चलन और हथियारों व ड्रग्स की तस्करी शामिल हैं। गृह मंत्री ने ज़्यादा एकीकृत और व्यापक सुरक्षा □ाँचे की ज़रूरत पर ज़ोर दिया। उन्होंने राज्य पुलिस, केंद्रीय सशस्त्र बलों, खुफिया एजेंसियों और स्थानीय प्रशासन के बीच बेहतर तालमेल का आह्वान किया।

****

रेल मंत्रालय ने रेलवे के बुनियादी □ांचे और रेल संचालन को निशाना बनाकर हाल ही में हुई घटनाओं के बीच यात्रियों से यात्रा के दौरान सतर्क रहने और रेलवे परिसर में किसी भी संदिग्ध गतिविधि या व्यक्ति की सूचना हेल्पलाइन नंबर 139 पर तुरंत देने का आग्रह किया है।

नई दिल्ली के रेल भवन में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव की अध्यक्षता में हुई उच्च स्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक के बाद यह आग्रह किया गया। मंत्रालय के अनुसार आग लगने की कुछ घटनाओं सहित हाल ही में हुई कई घटनाओं की प्रारंभिक जांच में असामाजिक तत्वों की संलिप्तता के संकेत मिले हैं।

****

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऊर्जा संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा के आह्वान को व्यवहारिक रूप देते हुए कल चंडीगढ़ से दिल्ली तक का सफर शताब्दी ट्रेन से किया।

मुख्यमंत्री इससे पहले भी अपने सरकारी बेड़े में गाड़ियों की संख्या कम कर अनावश्यक ईंधन खर्च को घटाने की पहल कर चुके हैं। अब ट्रेन से यात्रा करने का मकसद जनप्रतिनिधियों को संदेश देना है कि यदि जनप्रतिनिधि स्वयं बदलाव को अपनाएं तो समाज में भी तेजी से सकारात्मक परिवर्तन आता है।

****

जींद में कल जिला रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा कृत्रिम अंग वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे हरियाणा राज्य रेड क्रॉस सोसाइटी के प्रदेश उपाध्यक्ष अंकुश मिगलानी ने शिरकत की। समारोह के दौरान कुल 313 दिव्यांगजनों को उनकी जरूरत के अनुसार कृत्रिम अंग और अत्याधुनिक उपकरण वितरित किए गए। समारोह के बाद मीडिया से विशेष बातचीत करते हुए वाइस चेयरमैन अंकुश मिगलानी ने कहा -

मीडिया ने बंद पड़े नशा मुक्ति केंद्रों को लेकर सवाल किया, तो मिगलानी ने स्पष्ट किया कि नशा खत्म करने के लिए सरकार और रेड क्रॉस दोनों बेहद गंभीर हैं। जल्द ही सभी नशा मुक्ति केंद्र पूरी सक्रियता से काम करने लगेंगे।

****

सोनीपत जिले में राई स्थित हरियाणा की पहले खेल विश्वविद्यालय के तरणताल में कल देर शाम एक छात्र की डूबने से मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार मृतक छात्र की पहचान दिल्ली के गौतम नगर निवासी निशांत के रूप में हुई है, जो खेल विश्वविद्यालय में पीजी डिप्लोमा कर रहा था। बताया जा रहा है कि निशांत का शव तरणताल में तैरता हुआ मिला, जिसके बाद विश्विद्यालय प्रशासन और पुलिस को सूचना दी गई।

घटना के बाद निशांत को तुरंत सोनीपत के नागरिक अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। देर रात शव को अस्पताल के शव गृह में रखवाया गया।

सोनीपत पुलिस मामले की जांच कर रही है।आज शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा, जिसके बाद मौत के असली कारणों का खुलासा हो सकेगा।

****

अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के अवसर पर आज केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने नागरिकों से सभी प्राणियों के लिए एक साझा भविष्य बनाने में मदद करने का आग्रह किया है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री यादव ने कहा कि इस वर्ष का विषय- वैश्विक प्रभाव के लिए स्थानीय स्तर पर कार्य करें हर किसी के लिए जैव विविधता के नुकसान को रोकने और उसे पलटने के लिए कार्रवाई करने का एक आह्वान है। उन्होंने कहा कि समृद्ध जैव विविधता, सतत विकास की अनगिनत चुनौतियों का समाधान है।

****